तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
मितान एफसी कुसमुंडा व बालको खेल अकादमी बनी फुटबाल विजेता



## खबर संक्षेप



### एनईपीएस के दीपांशु व संकल्प को अवार्ड

**कोरबा।** न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल प्रबंधन ने मेधावी छात्र दीपांशु सोनी व संकल्प गुप्ता को स्कुलास्टिक अवार्ड से सम्मानित किया। प्राचार्य बीएस रॉव व चैयरमेन किशोर साहू ने दोनों छात्रों को गोल्डन बेच, सर्टिफिकेट व टाई प्रदान की। विद्यालय प्रबंधन कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक हर बार 90 प्रतिशत से अधिक नम्बर लाने पर छात्रों को प्रोत्साहित करता है। प्रबंधन की यह सोच छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को सुधारने का माध्यम बनी हुई है। दीपान्शु के अभिभावक मीनाक्षी राजू सोनी ने कहा कि अकादमिक शिक्षा के साथ अभिरुचि विकास आज की आवश्यकता है।

### महाविद्यालय के समस्याओं को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कलेक्टर को महाविद्यालय हरदीबाजार में व्याप्त समस्याओं को लेकर पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय टीननुमा पोटा केबिन में संचालित है जहां वर्तमान में महाविद्यालय में छात्रों की परीक्षा संचालित हो रही है। इस भीषण गर्मी में जहां पर 42 से 43 डिग्री तापमान पर है। वहीं अध्ययनरत छात्रों को पोटा केबिन में बैठकर अध्ययन करना व परीक्षा देने में बड़ी असुविधा और समस्या हो रही है। यहां महाविद्यालय में गर्मी से राहत के लिए ना कुलर की व्यवस्था है नहीं ठंडे पानी पीने के लिए वाटर कूलर की सुविधा है। जिसे महाविद्यालय के छात्रों को इन सरी समस्याओं से रोजाना जूझना पड़ रहा है, इन समस्याओं को श्री राठौर ने पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से जल्द से जल्द महाविद्यालय में पांच नग ठंडे पानी के लिए वाटर कुलर की व्यवस्था एवं प्रत्येक कमरे में एसी लगाने की मांग की है। यदि सात दिवस के भीतर में इसकी व्यवस्था नहीं की जाती है तो ऐसी स्थिति में श्री राठौर ने छात्र हितों के लिए छात्रों के साथ एनएसयूआई के तत्वाधान में हरदीबाजार तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे।

### छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर संगठन की हुई बैठक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कोरबा के द्वारा शुक्रवार को प्रांतीय निकाय के आह्वान पर स्थापना दिवस हेतु जिला शाखा अध्यक्ष प्रभात शर्मा के नेतृत्व में नवीन चौधरी सदन एमपी नगर कोरबा में बैठक आहूत की गई उनके द्वारा बताया गया कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारियों को पेंशनर एसोसिएशन का सदस्य बनाया जावे एवं उनके भुगतान हेतु आवश्यक मदद किया जावे स्थापना दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सभी साथी एक दूसरे को बधाई देकर रंग गुलाल लगाएएवं सभी सभी साथी को 17 मई को छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांत अधिवेशन जांजगीर में होने जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु आग्रह किया गया। उक्त बैठक में संरक्षक प्यारेलाल चौधरी, प्रांतीय सचिव सुरेश कुमार द्विवेदी, यू आर महिलांगे, अजय पांडे, केशव बारिया, एलजी साहू, आर के पांडे, रेशम दुबे, टी आर कुर्रे एवं अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

# बुजुर्गों के लंबित पेंशन मामलों का समय पर निराकरण करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों में सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, खाद्य, वनाधिकार, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित आवेदन पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरण का त्वरित परीक्षण कर पात्र हितग्राही को शीघ्र लाभान्वित किया जाए, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके।

भूमि से संबंधित आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि भूमि नक्शा उपलब्ध कराने जैसे मामलों में आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए जाएं और नागरिकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। खाद्यान्न भंडारण से संबंधित आवेदन को खाद्य अधिकारी को प्रेषित करते हुए उन्होंने विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ हितग्राहियों तक सुचारू रूप से पहुंचता रहे। वनाधिकार पट्टा से जुड़े आवेदनों पर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण का सूक्ष्म परीक्षण कर शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। सीमांकन एवं नामांतरण से संबंधित आवेदनों पर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित शुल्क जमा होने के पश्चात एक माह के भीतर पूरी प्रक्रिया पूर्ण की जाए। पंडित दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। हाथी द्वारा कुचले जाने से मृतक सुरेश राजपूत के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बिजली बिल सुधार एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग से संबंधित आवेदनों पर शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्या

**खास बात**

- अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश



### नया ड्रेस कोड अब 1 मई से होगा लागू

# कोयला कर्मियों की मृत्यु के बाद तीन साल तक कर सकते हैं अनुकंपा नौकरी के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया मानकीकरण समिति की भुवनेश्वर में बैठक में अनुकंपा पर आश्रितों के नियोजन के लिए एसओपी पर सहमति बनी। अब आश्रित तीन साल तक नौकरी के लिए आवेदन कर सकेंगे। नए ड्रेस कोड में ग्रे शर्ट और काली पैंट शामिल की गई है, जिसे 1 मई से लागू किया जाएगा।

**खास बात**

- कोल इंडिया के मानकीकरण समिति की बैठक संपन्न

कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाली रही। खास बात यह रही कि बैठक में अनुकंपा पर आश्रितों के नियोजन (9.3.0) संबंधी एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) पर सहमति बन गई। अब कोयलाकर्मियों की मृत्यु होने पर आश्रित 3 साल तक नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह बड़ी राहत की बात हुई, क्योंकि पहले एक साल तक ही आवेदन करने का नियम था। विवाहित बेटी या अन्य आश्रितों को नियोजन के दायरे में लाने पर पहले ही निर्णय लिया गया था। बैठक में लेबर कोड के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई, जिसका ट्रेड यूनियनों ने विरोध किया। मानकीकरण समिति के सदस्य एटक के रमेंद्र कुमार एवं सीटू के आरपी सिंह ने कहा कि प्रबंधन की ओर से लेबर कोड के क्रियान्वयन पर जो बातें कही गईं वह मुकम्मल नहीं है। जब तक लेबर रूल सरकार की ओर से प्रकाशित नहीं किया जाता है, तब तक इस पर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। यूनियन नेताओं ने लेबर कोड को लेकर प्रबंधन से कहा कि कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में लागू करने से औद्योगिक संबंध प्रभावित होंगे। एक तरह से प्रबंधन को चेतावनी दी गई। जेबीसीसीआई के मुद्दे पर चर्चा हुई लेकिन प्रबंधन की ओर से जो संकेत दिए गए, उसके सुनसार अभी इंतजार करना होगा। कोर्ट केस और लेबर कोड के कारण जेबीसीसीआई गठन को लेकर ऊहापोह है। इसलिए प्रबंधन की ओर से मामले में तुरंत कोई निर्णय की संभावना नहीं है। कोयला कर्मियों के मेडिकल अटेंडेंस रूल से संबंधित मुद्दों के लिए कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। वहीं सर्वेयर आदि के कॅरियर ग्रोथ के लिए भी कमेटी गठित की जाएगी। अब ग्रे शर्ट और काली पैंट कोयला कर्मियों का ड्रेस कोडकोयला कर्मियों के डेस कोट में किया गया कि ग्रे (स्लेटी) रंग की शर्ट और काली (ब्लैक) पैंट ड्रेस कोड होगा। साथ में काला रंग का चमड़ा जूता (लेदर शूज) काला मौजा तय किया गया है। टाई का भी प्रावधान है लेकिन जरूरी नहीं है। चाहें तो बांध सकते या नहीं भी। 1 मई से नया ड्रेस कोड लाग करने का निर्णय लिया गया है।



फाइल फोटो

### श्रमिक संगठन चाहता था जेबीसीसीआई पर हो चर्चा

मजदूर संगठन के लोग चाहते थे कि जेबीसीसीआई पर भी चर्चा हो लेकिन प्रबंधन में कहा कि इसके लिए इंतजार करना होगा। दरअसल जेबीसीसीआई को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। इसी बैठक में कोयला कर्मचारियों का बोनस तय होता है। सिविल और माइनिंग सर्वेयर के कैडर प्रमोशन से संबंधित मामलों पर विचार के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। कमेटी इस संबंध में अपनी रिपोर्ट देगी, कर्मियों के ड्रेस कोड पर भी फैसला हो गया है।

# ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत, हेल्पर घायल



ट्रेक्टर में दब कर चालक की हुई मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे मौके पर ही चालक की मौत हो गई। सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे कटघोरा-जेन्जरा बायपास मार्ग पर पतरापाली मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके मौत हो गई, जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर तेज रफ्तार में था और पतरापाली मोड़ के पास चालक ट्रैक्टर से अपना नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक गोरबोरा ग्राम पंचायत माखुरपानी निवासी रामपाल तंवर पिता छत्तर सिंह उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल हेल्पर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# आंधी तूफान आते ही शहर की विद्युत व्यवस्था हुई ध्वस्त



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार की शाम मौसम ने एक बार फिर से अचानक करवट बदली और तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। बारिश होने के चलते मौसम खुशनुमा जरूर हो गया लेकिन हल्की से आंधी तूफान के साथ ही शहर की विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई, जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। सोमवार की शाम फिर से अचानक तेज आंधी तूफान शुरू हो गई और तेज आंधी तूफान शुरू होते ही बारिश भी शुरू हो गई लेकिन कुछ देर बाद ही मौसम शांत हो गया लेकिन आंधी तूफान आते ही शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई। खासतौर पर शहर के निहारिका का शिवाजी नगर, रविशंकर शुक्ला नगर, आरपी नगर सहित आसपास के क्षेत्र में घंटों विद्युत व्यवस्था बाधित रही। बताया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र के स्वीचयार्ड से 33केवी लाइन में ब्रेकडाउन होने की स्थिति निर्मित हुई थी। विद्युत विभाग के अधिकारियों को जैसे ही इसकी सूचना विभाग के अधिकारियों को मिली वैसे ही अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और विद्युत व्यवस्था को बाहाल करने का प्रयास किया गया। देर शाम लगभग 7 बजे शहर के विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से पुनः बहाल किया जा सका।

**खास बात**

- निहारिका क्षेत्र में घंटों विद्युत व्यवस्था रही बाधित

# कार्बन फैक्ट्री में टैंक फटने से मचा हड़कंप, बाल- बाल बचे मजदूर





फैक्ट्री में टैंक फटने से लगी आग एवं उसे बुझाता दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कार्बन फैक्ट्री में सोमवार दोपहर एक टैंक फट गया। फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों में हड़कंप मच गया और किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। यह फैक्ट्री कार्बन बनाने का काम करती है। इसमें बाहर से टैंकरों के माध्यम से तरल पदार्थ लाकर टैंकों में रखा जाता है, जहां कार्बन तैयार किया जाता है। टैंक फटने के समय फैक्ट्री में कई महिला और पुरुष कर्मचारी मौजूद थे। टैंक फटने के बाद गर्म हार्ड पीच फैक्ट्री के अंदर फैल गया, जो बेहद गर्म था और किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

फैक्ट्री कर्मचारियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सीएसईबी के दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और गर्म पीच को पानी तथा फायर फोम की मदद से ठंडा किया। सीएसईबी के फायरमैन धर्मेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि फायर टीम को इंडस्ट्रियल एरिया में टैंक फटने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर दो टैंकर पानी और फोम का छिड़काव कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। टैंक फटने से अस पास फिला मलबा और गर्म हार्ड पीच पर फोम का छिड़काव पर किया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री में औद्योगिक नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहीं न कहीं लापरवाही के कारण ही यह घटना सामने आई है। फैक्ट्री के बाहर कोई बोर्ड भी नहीं लगा है, जिससे यह पता चल सके कि यहां क्या काम होता है। इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाले जहरीले केमिकल और धुएं से आसपास के लोग, खासकर पुलिस लाइन में रहने वाले परिवार, काफी परेशान हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग से भी शिकायतें की जा चुकी हैं।

**खास बातें**

- इंडस्ट्रियल एरिया का मामला, हादसे के बाद फैक्ट्री के अंदर फैला गर्म हार्ड पिच
- दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

### जनता यूनियन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक

# कर्मचारी हित से जुड़े अनेक अहम प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को दर्री स्थित यूनियन कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों की व्यापक सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रांताध्यक्ष सी.के. खांडे रहे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने की एवं प्रांतीय महासचिव अजय बाबर विशिष्ट अतिथि रहे। मंचासीन अतिथियों में एस.ए. सईद, प्रदीप पाठक, डी.एस. दीक्षित एवं यू.एस. वर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर 1987 के सारणी आंदोलन में शहीद स्व. कश्मीरा सिंह के तैलचित्र का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही वेदांता पावर प्लांट शक्ति दुर्घटना में दिवंगत श्रमिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात लगभग 80 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, ठेकाप्रथा समाप्ति, ओपीएस लागू करना, 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता, शीघ्र पदोन्नति, नियमित भर्ती, वेतन विसंगति दूर करना, निजीकरण का विरोध आदि प्रमुख रहे। मुख्य अतिथि सी.के. खांडे ने प्रबंधन के रवैये को कर्मचारी विरोधी बताया। महासचिव अजय बाबर ने कहा कि संगठन जल्द प्रबंधन से चर्चा करेगा। प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर गेट मीटिंग, घेराव एवं आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को एस.ए. सईद, पी.के. पाठक, यू.एस. वर्मा, डी.के. दीक्षित, पी.वी. चंद्रशेखर, प्रदीप शर्मा, अवधेश साहू, सोहनलाल धीवर, टी.पी. गुप्ता, सम्मेलाल श्रीवास, यतीश वर्मा, यतींद्र गुप्ता, वीरेंद्र पाठक, रवि साइमन, रितेश नागेश, उदय राठौर, रामजीत सिंह, सौरभ खम्परिया, रिजवान उल हक, भीष्म सूर्यवंशी, वेदराम निर्मलकर, रीनापुरी गोस्वामी, रेणु ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रत्न मेश्राम, प्रवीण साहू, देवेंद्र निर्मलकर, अमित खरे, उदय राठौर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, लोकेश्वर श्रीवास, संजय लसार, राजेश यादव, कृतलाल साहू, एम. महेश, रामलाल सूर्यवंशी, पीताम्बर चौहान, आलोक चौरसिया, सुमन आदि उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने वाला पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता और लापरवाही बरतने के कारण पटवारी दीपक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तहसीलदार भैंसमा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि श्री सिंह ने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने में गंभीर अनियमितताएं की हैं, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है। जांच के दौरान ग्राम करूमौहा में राजस्व अभिलेखों के साथ बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ की पुष्टि हुई है, जिसमें खसरा नंबर 176/1/ख/1 के वास्तविक रकबे 0.016 हेक्टेयर को नियम विरुद्ध तरीके से बढ़ाकर 1.600 हेक्टेयर दर्ज कर दिया गया था। इसी प्रकार एक अन्य मामले में खसरा नंबर 84/4 ख के रकबे को 0.710 हेक्टेयर से बढ़ाकर सीधे 71 हेक्टेयर कर दिया गया और बिना किसी वैध आदेश के इसे ऑनलाइन भुइयां पोर्टल पर दर्ज कर दिया गया। इन गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए पटवारी को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान निर्धारित किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## खबर संक्षेप

### 80 हजार की लूट, एक गिरफ्तार पांच फरार

**बिलासपुर।** मजदूर दिलाने का झांसा देकर दो ठेकेदारों से मारपीट कर 80 हजार रुपए लूटने वाले फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर 16 हजार रुपए जब्त किया है। शेष 5 आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश पन्ना निवासी शाहनगर पिपिरया निवासी दशरथ कुमार द्वेदी पिता शिवकुमार को मजदूर दिलाने का झांसा देकर शहर में बुलाकर युवको ने मारपीट कर 35 हजार हजार रुपए व बिहार मुजफ्फरपुर सरैया निवासी ठेकेदार सुनील कुमार यादव को मजदूर दिलाने बुलाकर कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के पास मारपीट कर बैग को लूटकर भाग गए। बैग में 45 हजार रुपए नकद व आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने दोनों मामले में लुटेरों के खिलाफ बीएनएएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने फरार आरोपी पचपेड़ी बेल्हा निवासी प्रकाश सिंह पिता मंगल सिंह 40 साल को गिरफ्तार कर 16 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं उसने साथी अभय सिंह उईके, समीर सिंह, संतोष उईके, वीरू मरावी, मनोज उईके पुलिस पकड़ से बाहर है।

### बॉयफ्रेंड ने युवती को पीटा, तोड़ दिया मोबाइल

**बिलासपुर।** बातचीत नहीं करने पर नाराज बॉयफ्रेंड बीयर बार से युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर अपने रूम में ले गया और जमकर मारपीट करते हुए उसका मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, जांजगीर जिले की रहने वाली एक युवती नूतन चौक चौबे कालोनी में किराए के मकान में रह रही है। उसकी पिछले 1 साल से दिपेश नवरंग से जान पहचान थी। 2 महीने पहले उसने दिपेश से बातचीत करना बंद कर दिया। 18 अप्रैल को वह अपनी एक सहेली का बर्थडे मनाने श्रीकांत वर्मा चौक स्थित बीयर बार गई थी। 12 बजे दिपेश बार में आया और बात करना है कहकर कार में बैठकर कोनी अपने रूम जाने को कहा। उसने मना किया तो मारपीट करते हुए कोनी अपने रूम में ले गया और कमरे में कैदकर जमकर मारपीट कर मोाबाइल पटककर तोड़ दिया। 19 अप्रैल को शाम 6 बजे दिपेश के दो दोस्तों ने उसे उसके रूम में छोड़ा था। दीपेश नवरंग के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इलाज कराने सिम्स गया कैदी बैठा, जांच में मौत

**बिलासपुर।** इलाज कराने सिम्स गया सजायाप्ता कैदी एक्सरे कराने जाते समय अचानक बदहवास होकर बैठ गया। डाक्टरों के द्वारा जांच करने पर वह मृत पाया गया। मर्ग मेमो सिविल लाइन थाने में भेज दिया गया है। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया, कोरबा जिला का रहने वाला बच्चू झुठैल पिता भईया झुठैल 60 साल केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पेट खराब होने से जेल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। 20 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे अत्याधिक तबियत खराब होने पर जेल कर्मचारी उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। मेडिसिन विभाग में उसका परिक्षण किया गया। उसके बाद कर्मचारी एक्सरे कराने के लिए लेकर जा रहे थे। अचानक पेट पकड़कर वह बदहवास होकर बैठ गया। तत्काल उसे आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया। डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

---

**वीडियो सामने आने के बाद हरकत में आया प्रशासन**

**साल भर जो फाइल गुम थी वह अचानक मिल गई और युवक को इश्तहार के लिए दे भी दिया गया**

# ‘बादाम केस’ पर एक्शन, हाउसिंग बोर्ड में फाइल गुम करने पर दो अधिकारियों पर गाज, मुख्यालय अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में नामांतरण की फाइल गुम करने और लापरवाही के आरोप में वायरल वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर ने बिलासपुर में पदस्थ संपदा अधिकारी एल.पी. बंजारे और सहायक पुन्नम बंजारे को मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। हालांकि इस कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं और मामले में लीपापोती के आरोप लग रहे हैं। दूसरी ओर मामला सामने आने के बाद साल भर जो फाइल गुम थी वह अचानक मिल गई और युवक को इश्तहार के लिए दे भी दिया गया है। गौरतलब है कि बिलासपुर के तिफरा स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल आफिस का यह मामला है। संबंधित अधिकारियों पर साल भर तक नामांतरण की फाइल दबाने के आरोप लगे थे। दरअसल तिफरा निवासी तोरण साहू ने आरोप लगाया था नामांतरण की फाइल सात महीने तक दबाकर रखी गई। जब वह कार्यालय पहुंचा, तो संबंधित अधिकारी ने बताया कि नामांतरण तो हो चुका है, लेकिन नत्थी नहीं मिल रही है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से लगातार कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। हर बार उसे यही जवाब मिलता था कि नत्थी खो गई है या उसकी तलाश की जा रही है। इस दौरान वह पचास से ज्यादा बार दफ्तर गया, जिससे उसका समय और पैसा दोनों बर्बाद हुआ।


‘याददाश्त बढ़ाने’ पीड़ित ने अफसर के सामने फेंके बादाम

बिलासपुर। हाउसिंग बोर्ड कार्यालय की लापरवाही का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक साल से अपनी फाइल के लिए चक्कर काट रहे व्यक्ति ने विरोध का अनोखा तरीका

यहां 7 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब पीड़ित ने दोबारा कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली, तो उसे बताया गया कि नामांतरण हो चुका है, लेकिन फाइल नहीं मिल रही है। पीड़ित का

हरिभूमि में प्रकाशितखबर।

### बादाम देकर जताया था विरोध

बार-बार एक ही जवाब मिलने पर तरुण ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। वह पांच सौ ग्राम बादाम खरीदकर कार्यालय पहुंचा। उसने अधिकारी को बादाम देते हुए कहा कि इसे खाने से उनकी याददाश्त तेज हो जाएगी। शायद उन्हें उसकी नत्थी का पता चल जाए और उसे बुलाकर नत्थी सौंप दी जाए। इस घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। दूसरी ओर अधिकारी पूनम पांडेय बंजारे ने मामले में इसे अभद्र व्यवहार बताते हुए एसपी से शिकायत की है।

### यह मिला जांच में

मामला सामने आने के बाद जांच कराई गई तो पाया गया कि ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट कमांक 41/483 श्रीमती लक्ष्मी साहू ने खरीदा था। हाउसिंग बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर तिफरा निवासी तोरण साहू ने इसे खरीदा है। इसके बाद नामांतरण के लिए 17 मार्च 2025 को आवेदन किया गया। संपदा अधिकारी के द्वारा संबंधित कालोनी प्रभारी को उसी दिन आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। हालांकि इसके करीब 8 महीने तक फाइल को दबाकर रखा गया। 11 नवंबर 2025 को प्रभारी द्वारा संपदा अधिकारी के समक्ष नामांतरण पूर्व आम सूचना प्रकाशन हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया है। संपदा अधिकारी ने उसी दिनांक 11 नवंबर को 2025 को ही उस पर हस्ताक्षर भी कर दिए गए लेकिन तोरण साहू को नामांतरण आदेश की कापी नहीं दी गई। इस आदेश की कापी को फाइल में ही दबाकर रखा दिया गया।

---

**जिला अस्पताल के वार्ड में लगे कूलर हो गए कबाड़**

# अस्पतालों में नहीं है गर्मी से बचाव के साधन 43 डिग्री में तप रहे मरीज, कूलिंग मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी का पारा 43 डिग्री पार हो चुका है, लेकिन अस्पतालों में गर्मी से बचाव के साधन नाकाफी साबित हो रहा है। जिला अस्पताल के वार्डों में लगे कूलर पूरी तरह से कबाड़ हो चुके हैं, जिन्हें खिड़की के बाहर टांगा गया है, इसके पैनल तक सड़ चुके हैं। वहीं सिम्स में कूलर की कमी नहीं है, लेकिन देखरेख के अभाव में किसी कूलर में पानी नहीं है तो किसी कूलर का प्लग ही नहीं लग सका है। ऐसे में मरीजों को भरी दोपहरी में गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है।

मरीजों के लिए अस्पतालों में गर्मी से निजात दिलाने के उपाय महज खानापूर्ति ही नजर आ रही है। सबसे ज्यादा खराब हालत जिला अस्पताल की है। यहां लगाए गए सेंट्रल एसी कुलिंग सिस्टम कई महीनों से बंद है, शनिवार को इसमें रिपेयरिंग का काम चलता रहा लेकिन इसके बावजूद यह शुरू नहीं हो सका। इसके साथ ही वार्डों की हालत खराब है। ओपीडी में भी मरीज लाइन में लगते ही पसीने से तरबतर हो रहे है लेकिन प्रबंधन मरीजों को राहत देने में विफल साबित हो रहा है। गर्मी सर पर है और प्रबंधन ने वार्ड में कबाड़ कूलर को लगा रखा है, खड़ी के बाहर लगे कूलर हर मरीज को चिढ़ा रहे है। गायनिक वार्ड में एसी खराब है इसलिए महतारियों को 43 डिग्री तापमान में उबलना पड़ रहा है।







### सिम्स में देखरेख की कमी

सिम्स में मरीजों के लिए बड़े-बड़े ब्रांडेड कूलर लगाए गए हैं, ओपीडी, एमआरडी, वार्ड, वेटिंग रूम में भी कूलर है, लेकिन कूलरों में पानी भरने वाला कोई नहीं है। कहा जा सकता है कि प्रबंधन की मंशा भले ही मरीजों को गर्मी से राहत देने की हो लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ रही है। जिसके चलते मरीजों को गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है। हालत यह है कि लेबर वार्ड में पानी का मोटर नहीं चल रहा है, इसके बाजू गायनिक वार्ड में लगे कूलर का प्लग ही निकाल दिया गया है, हाल कि यह कारनामा मरीज व उनके परिजनों के द्वारा की गई है। एमएम2 में भी बगैर मोटर के ही कूलर को चलाया जा रहा है। जिससे कूलर के खराब होने की आशंका है। त्वचा रोड वार्ड में लगे कूलर का खस तक नहीं भींग रहा है। सिम्स में देखरेख की कमी के कारण मरीजों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

---

**नहीं लगेगा स्टील प्लांट**

## रामसर साइट के प्रवासी पक्षियों को आईमैक का ‘जीवनदान’

### कंपनी बोली यहां जैव विविधता विद्यमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- वेटलेंड एनओसी के लिए प्रस्तुत आवेदन निरस्त करने को कहा

पर्यावरण को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए अपने संयंत्रों की हर हाल में स्थापना करने के दौर में आईमैक कंपनी ने पर्यावरण की रक्षा के क्षेत्र में संवेदनशील कदम उठाते हुए समाज को एक बड़ा संदेश दिया है। कंपनी ने कहा कि कोपरा जलाशय में बनाए जा रहे रामसर साईट में न केवल जैव विविधता विद्यमान है, बल्कि यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का बसेरा भी है। ऐसे में कंपनी सकर्रा में प्रस्तावित अपनी ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट परियोजना को निरस्त करती है।

आईमैक कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण को सकर्रा में ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट परियोजना की स्थापना के लिए वेटलैंड एनओसी प्रदान करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी बीच कंपनी को अभिलेखों के परीक्षण एवं संबंधित विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह अवगत कराया गया कि प्रस्तावित परियोजना स्थल के समीप स्थित कोपरा जलाशय को रामसर साईट घोषित किया गया है। यह क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, जहाँ समृद्ध जैव विविधता विद्यमान है। यहं विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का आवागमन व प्रवास भी होता है। इस संबंध में वन विभाग एवं अन्य संबंधित कार्यालयों द्वारा भी क्षेत्र की पर्यावरणीय महत्ता के संबंध में अवगत कराया गया है। कंपनी ने कहा कि उक्त तथ्यों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित स्टील प्लांट परियोजना को स्वेच्छा से निरस्त एवं वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

इसी तरह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पोर्टल पर प्रस्तुत आवेदन व प्रकरण को भी कंपनी ने विधिवत रूप से वापस ले लिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के सदस्य सचिव माथेश्वरन व्ही. के द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल को सोमवार को पत्र भेजकर आईमैक कंपनी द्वारा वेटलैंड एनओसी के लिए प्रस्तुत आवेदन के संबंध में किसी भी तरह की आगामी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होने संबंधी सूचना भेजी गई है।

---

# दोपहर स्ट्रेचर पर मरीज को सोनोग्राफी के लिए भेजा

### संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस, 7 दिनों में जवाब देने कहा

जूनीलाइन स्थित मिश्रा नर्सिंग होम द्वारा भरी दोपहरी मरीज को स्ट्रेचर पर सोनोग्राफी के लिए भेजना नर्सिंग होम संचालक को भारी पड़ गया है। अस्पताल में एंबुलेंस होते हुए भर्ती मरीज को परिजनों के द्वारा 200 मीटर दूर डायग्नोसिस सेंटर ले जाने के मामले में सीएमएचओ ने नोटिस जारी कर दिया है। मामले में संचालक व डाक्टर को 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक डॉक्टर ने मरीज को तत्काल सोनोग्राफी कराने की सलाह दी थी। इसके लिए एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई, लेकिन शुल्क ज्यादा लगने की वजह से परिजनों ने मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने स्वयं ही स्ट्रेचर का इंतजाम किया और सिम्स के सामने स्थित ओम नर्सिंग होम तक मरीज को स्ट्रेचर पर ले जाने लगे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मरीज को इस तरह ले लेकर जाना और करीब सवा दो बजे वापस लाने का विडियो वायरल हो गया। तेज धूप से बचाने के लिए मरीज के ऊपर छतरी लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि मिश्रा नर्सिंग होम में भर्ती मरीज डाक्टर अशोक अग्रवाल की अभिरक्षा में था। वहीं नर्सिंग होम एक्ट 2013 की कंडिका 17 (3) के अनुसार मरीज को बिना एम्बुलेंस के डाग्नोसिस के लिए भेजना और प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना पाया गया है। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने पर मिश्रा नर्सिंग होम के संचालक को नोटिस जारी कर 7 दिनों में जवाब देने के लिए समय दिया है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

---

## बाराती स्कार्पियो पेड़ से टकराकर पलटी, 6 घायल



अस्पताल में भर्ती घायल।

**बिलासपुर।** पत्थर से टकराकर टायर फटने से बाराती स्कार्पियो पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 6 लोगों को चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। रामपुर निवासी मधु जांगड़े ने बताया, 19 अप्रैल को उनके देवर संजय जांगड़े की बारात पथरिया थाना के पास सिलतरा जा रही थी। स्कार्पियो में 6 लोग सवार थे। बरतोड़ी व कुरैली के पास पत्थर से टकराकर गाड़ी का टायर फट गया और अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर जाकर घायल दीपंजली जांगड़े, तीजराम धृतलहरे, शिवम बंजारे सहित 6 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

# दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, चला चाकू

- दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी कार्यक्रम में सड़क ब्लॉक कर डीजे बजाने पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचे और आपस में समझौता कर लौट गए। रात में फिर उसी बात को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद हो गया और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला बस्ती शांति चौक निवासी सूरज रजक पिता संजय रजक के घर में शादी कार्यक्रम चल रहा है। 19 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे घर के लोग डीजे बजाते हुए नाचते हुए माता चौरा जा रहे थे। मोहल्ले के अरविंद पटेल ने उन्हें डीजे सड़क किनारे बजाने कहा। इस पर रजक परिवार के युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। श्री पटेल रिपोर्ट लिखाने थाने आए तो रजक परिवार के युवक भी थाने आ गए। दोनों पक्ष आपस में समझौता कर थाने से लौट गए। रात 11.30 बजे अरविंद पटेल, भाई कोमल के साथ अपनी बाइक लेकर मौके पर गए तो सूरज रजक, जीत रजक, विनोद रजक उसी बात लेकर दोनों भाईयों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। दूसरे पक्ष से सूरज रजक ने आरोप लगाया है कि शादी करने नहीं दूंगा कहकर दोपहर में विवाद किए थे चाकू से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने लगे और अरविंद रजक एवं उसके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला किया है। जिससे सूरज रजक व उसकी मां को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर तीन युवकों पर चाकू से हमला

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, दोमुहानी निवासी मुकेश धीरज पिता संजय धीरज 19 अप्रैल को लक्की पात्रे की बारात में धूमा गए थे। रात 12.30 बजे डीजे गाड़ी के पास वे चचेरा भाई सुमित धीरज के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर बाडे आडिल, अतुल जांगड़े, अरिवंद जांगड़े, सागर धीरज ने जान से मारने की धमकी देते हुए चूड़ा व चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर, अमन धीरज के ठुढ्ढी, सुमित के जबड़े में चोट आई है।



---

**प्रतिबंधित प्लॉस्टिक रखने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई**

# 80 किलो से अधिक प्लॉस्टिक जब्त, 5 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




सिंगल यूज प्लॉस्टिक के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ दिया है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर आज निगम की टीम ने जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत गोल बाजार और सदर बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक रखने वालों दुकानदारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 80 किलो प्लॉस्टिक जब्त किया और जुर्माने के तौर पर 5 हजार रुपए वसूल किए।

प्रतिबंधित होने के बावजूद स्वच्छता तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लॉस्टिक का उपयोग अभी भी कुछ लोगों द्वारा छुपकर किया जा रहा है जिसके ख़िलाफ कार्रवाई करने के निर्देश निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे द्वारा निगम अधिकारियों को दिया गया। जिसके परिपालन में स्वास्थ्य अधाकारी एवं जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप के नेतृत्व में जोन द्वारा शहर के गोल बाजार और सदर बाजार क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक रखने वाले दुकानों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम द्वारा व्यापारियों और आमजनों को प्लॉस्टिक के उपयोग की जगह कपड़े का थैला या जूट से बने थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। निगम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निगम ने अपील करते हुए कहा की सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है,इसलिए प्लॉस्टिक की जगह कपड़े से निर्मित या जूट के थैले का प्रयोग करें और पर्यावरण को बचाएं तथा आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ्य भविष्य दें।

---

## बाबुओं की कुर्सियों पर बैठ रहे दलाल



बिलासपुर। नगर निगम के संपदा विभाग में इन दिनों जमीन दलाल नजर आ रहे हैं। हाल यह है कि इस विभाग के बाबूओं की कुर्सियों में भी यह दलाल बैठकर सरकारी फाइल को आसानी से अपने कब्जे में लेकर अपने हिसाब से काम कर रहे हैं और करवा रहे हैं।

हरिभूमि के पास इस तरह के वीडियो और फोटो ग्राफ्स दोनों है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही है। सोमवार की दोपहर संपदा विभाग में व्यापार विहार का जमीन दलाल रमेश हंसपाल विभागीय क्लर्क लक्ष्मीकांत कोका की कुर्सी पर बैठकर फाइलों को पलटता और वहां पहुंची एक महिला से डील करता हुआ दिखाई दिया। ध्यान रहे कि इस विभाग के प्रभारी प्रवेश कश्यप हैं जो कि जोन 5 के जोन कमिश्नर भी है। इन्हीं जोन कमिश्नर पर तिफरा जोन में पदस्थ रहते हुए नई गाड़ियों को कबाड़ में बेचने और उसकी राशि हजम करने के आरोप लगे थे। हालांकि जांच के नाम पर मामले को दबा दिया गया।

---

## धार्मिक भावना आहत होने पर भड़का जनआक्रोश, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

टेंपल सिटी से लगे ग्राम तुस्मा में धार्मिक भावना आहत होने को लेकर जनआक्रोश भड़क उठा। दरअसल यहां असामाजिक तत्वों ने आस्था के प्रमुख केन्द्र हनुमान जी के मंदिर में प्रतिमा को खंडित कर दिया। इससे नाराज ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। बाद में अधिकारियों की समझाईश और कार्रवाई के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा-दूरपा केरा रोड मुख्य मार्ग पर स्थित हनुमान जी के मंदिर में आसामाजिक तत्वों ने बीती रात काफी उत्पात मचाया। ग्रामीणों के मुताबिक वे जब सुबह पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो हनुमान जी की प्रतिमा खंडित मिली। यह खबर गांव में जैसे ही फैली, लोगों की भीड़ मंदिर परिसर पर जुटने लगी। धार्मिक भावना को आहत करने वाली इस घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी दिखी और आक्रोशित ग्रामीण एकजुट होने लगे। इस बीच बजरंग दल और हिन्दु संगठनों के लोग भी वहां पहुंच गए। इसके बाद आक्रोशित भीड़ एकजुट होकर सड़क पर उतर आई। भीड़ के सड़क पर बैठते ही आवागमन अवरूद्ध हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने आक्रोशित भीड़ को समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन लोग उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं थे।

## ख़बर संक्षेप

### प्रसव पीड़ा से छटपटाती रही महिला, नहीं पहुंची एम्बुलेंस



**बिहारपुर।** स्वास्थ्य केंद्र महुली में ताला लटकने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस के लिए परेशान रहें। परिजन द्वारा एम्बुलेंस के लिए फोन लगाने पर मध्यप्रदेश में लग रहा था। घंटों परेशान होने के बावजूद एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिली तो परिजन ने किसी तरह निजी वाहन की व्यवस्था की। दूरस्थ ग्राम बैजनपाट निवासी श्रीमती सोनमति गोड़ पति राम बिसाले गोड़ (22वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस को सूचना देने फोन लगाने घंटो परेशान रहे। फोन स्वास्थ्य केंद्र के बजाय मध्यप्रदेश में लग रहा था। दूरस्थ ग्राम बैजनपाट दूरसंचार की दृष्टि से पहुंचविहीन है। परिजन ने पहाड़ी पर चढ़कर भी फोन लगाया लेकिन बात नहीं हो सकी। अंत में परिजन निजी वाहन से पीड़िता को लेकर अस्पताल गए। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.सुरेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मामले में कोई भी कोई भी मदद नहीं कर सकता वहीं सीएमएचओ डॉ.कपिलदेव पैकरा ने बताया कि पहुंचविहीन क्षेत्र का मामला है। मैं देखता हूं।

### रीजनल वर्कशॉप में सेंधमारी लाखों के कॉपर तार की चोरी



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रीजनल वर्कशॉप में अज्ञात चोरों ने स्ट्रांग रूम में सेंधमारी कर लाखों रुपये के कॉपर तार और अन्य सामान पार कर दिया। घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ, जब कर्मचारी कार्यस्थल पहुंचे और स्ट्रांग रूम में तोड़फोड़ सेंधमारी की घटना देखी। जानकारी के अनुसार, स्टोर में रखे करीब तीन क्विंटल कॉपर वायर सहित अन्य महंगे उपकरण गायब पाए गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च प्रबंधन को दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर चोरी हुई, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने का दावा किया जाता है। वर्कशॉप में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी भी रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया जाता है। कुछ कर्मचारियों ने इस घटना में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी जताई है। वहीं क्षेत्र में अवैध कबाड़ कारोबार के फिर से शुरू होने की भी चर्चा है, जिसके जरिए चोरी के सामान को खपाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कर्मचारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। घटना के बाद प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इतनी बड़ी घटना के बाद देर शाम तक प्रबंधन द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने से सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता सामने आई है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी ने स्कूटी की टंकी फुल नहीं की तो युवती ने की पिटाई

**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में पेट्रोल की किल्लत इस कदर हो गई है अब पेट्रोल पंप ड्राई की स्थिति पहुंच गई है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालक वाहन सवार लोगों के लिए पेट्रोल पंप में एक निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देना शुरू कर दिए है। ऐसे में अब पेट्रोल पंप में मारपीट की स्थिति निर्मित होने लगी है। शनिवार को जब एक युवती पेट्रोल पंप में अपनी स्कूटी की टंकी फुल करने कहा तो कर्मचारी ने निर्धारित राशि तक ही पेट्रोल देने की बात कही जिससे दोनों के बीच न सिर्फ विवाद हुआ बल्कि युवती ने एक युवक के साथ मिलकर कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई निवासी मनोहर दास आ. शिव कुमार दास सीतापुर स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता है। हर रोज की भांति शनिवार को ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 6.45 बजे उरांव पारा की सालू मिंज पेट्रोल डलवाने पहुंची और कर्मचारी मनोहर को अपनी स्कूटी में पेट्रोल टंकी फुल करने की बात कही। जिस पर मनोहर ने कहा कि पेट्रोल पंप मालिक बोला है कि पेट्रोल पंप में स्टॉक कम है और सभी ग्राहक को 2-2 सौ रुपए का पेट्रोल देना है।

## एक मई से शुरू होनी है घर घर जाकर जनगणना

# अपर कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ओंकार यादव द्वारा जिले में संचालित प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित निर्देशों एवं प्रक्रियाओं को गंभीरता से समझने और सीखने के निर्देश दिए। फील्ड ट्रेनर द्वारा जनगणना के विभिन्न चरणों, उद्देश्य, उपयोगिता तथा मकान सूचीकरण के सिद्धांतों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अपर कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मकानों की सूचीकरण एवं गणना का डेटा मोबाइल एप के माध्यम से संग्रहित कर ऑनलाइन सिंक किया जाएगा। इस प्रक्रिया में भवन की संरचना, उपलब्ध सुविधाएं, उपयोग में आने वाली सामग्री तथा टीवी, इंटरनेट, मोबाइल, कार आदि सहित कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक स्व-गणना में भाग लेने की अपील की, जिससे सटीक एवं सुव्यवस्थित आंकड़े प्राप्त हो सकें। निरीक्षण के दौरान तहसील पोड़ी उपरोड़ा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी एवं कूलर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रशिक्षणार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही प्रगणकों को जनगणना मैनुअल का गहन अध्ययन करने के लिए भी कहा गया। अपर कलेक्टर द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से प्रश्न पूछकर उनकी समझ का आकलन किया गया तथा उन्हें जनगणना के इतिहास, उद्देश्य एवं सिद्धांतों से अवगत कराया गया। पाली तहसील में कुछ प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की अनुपस्थिति पर उन्होंने तहसीलदार भूषण मंडावी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के माध्यम से स्व-गणना के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



प्रशिक्षण लेते अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते अपर कलेक्टर।

# राखड़ डेम हादसे पर युवा कांग्रेसियों का एफआईआर की मांग पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नवागांव-झाबू स्थित सीएसईबी पावर प्लांट के राखड़ डैम टूटने के बाद अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने एसडीएम कटघोरा को ज्ञापन सौंपते हुए सीएसईबी प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**खास बात**

- कटघोरा एसडीएम ो सौंपा ज्ञापन

युवा कांग्रेस का आरोप है कि 19 अप्रैल को हुए इस भीषण हादसे में जन-धन की भारी क्षति हुई लेकिन यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 26 जून 2025 को भी इसी तरह का हादसा हो चुका है, जिसमें किसानों की जमीन, पर्यावरण और मजदूरों को नुकसान झेलना पड़ा था। इसके बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। 7 अगस्त 2025 को पश्चिम पावर प्लांट में ठेका श्रमिक सुरेंद्र साहू की करंट लगने से मौत पर अब तक क्या कार्रवाई हुई? दर्री स्थित मिनी हाइडल प्लांट के स्टॉप डैम टूटने से प्लांट में गरम पानी भरने की घटना को भी लापरवाही का उदाहरण बताया गया। हाल में ही हुए झाबू राखड़ डैम हादसे में मृत जेसीबी चालक फुलेश्वर कश्यप का ईपीएफ, ईएसआईसी या बीमा पंजीयन नहीं होना प्रबंधन की बड़ी चूक बताई गई। पुरेनाखार गांव के प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा और रोजगार नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई गई। युवा कांग्रेस ने एसडीएम से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी श्रमिकों का अनिवार्य पंजीयन, प्रभावित परिवारों को मुआवजा और रोजगार, तथा भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए स्थायी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग रखी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर जिलाध्यक्ष राकेश पंकज, ग्रामीण जिलाध्यक्ष विकास सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। लगातार हो रहे हादसों और उठते सवालों के बीच अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और जिम्मेदारों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते युवा कांग्रेसी।

# विप्र बंधुओं ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती, की पूजा



परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल विप्र परिवार के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर छग सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज हरदीबाजार द्वारा भाटापारा स्थित भगवान परशुराम भवन में अंचल के सभी विप्र बंधुओं द्वारा विधिवत भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी जिला के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम अंचल के समस्त सनातन बंधुओं का कल्याण करें। साथ ही समस्त बंधुओं को एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए काम करना है। इस अवसर पर भवन में स्टेज एवं बोर हेतु विधायक प्रेमचंद पटेल से आग्रह किया गया। जिसकी घोषणा उन्होंने पूर्व में की थी। उन्होंने शीघ्र ही उपरोक्त कार्य कराने की बात कही। परिसर में किचन शेड एवं परशुराम भगवान के मंदिर बनाने पर भी समाज के सभी बंधुओं ने सहमति जताई। इस अवसर पर छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज के सचिव दिनेश गुरुद्वान, एवं योगेश मिश्रा ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। कार्यक्रम में समाज के कोषाध्यक्ष मदन गुरुद्वान एवं रमाकांत गुरुद्वान, विनोद उपाध्याय, जतिन उपाध्याय, प्रदीप पांडेय एवं समाज के समस्त विप्र बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# बेजा कब्जाधारियों पर कार्रवाई, 13 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका दीपका ने बेजा कब्जा के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अविनाश सिंह द्वारा जिला कलेक्टर को की गई लिखित शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नगर पालिका दीपका प्रबंधन ने पाली रोड स्थित पुष्प वाटिका के आसपास हुए अवैध कब्जों पर शिकंजा कस दिया है। जानकारी के अनुसार, पुष्प वाटिका के चारों ओर रसूखदारों द्वारा शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा कर दुकान और भवन मंदिर, निर्माण कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने कुल 13 लोगों को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर भूमि संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने और जवाब देने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अब बेजा कब्जे के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। नगर पालिका की इस कार्रवाई को शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ एक बड़ी पहल माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में और भी ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# चार धाम यात्रा के लिए 180 श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय चार धाम यात्रा के तहत 18 अप्रैल को 180 श्रद्धालुओं का पहला जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। समिति पिछले 20 वर्षों से लगातार श्रद्धालुओं को चार धाम यात्रा गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ का संचालन करवा रही है। इस वर्ष भी यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हरिद्वार, ऋषिकेश, त्रियुगी नारायण, तुंगनाथ, चोपता, धारी देवी, माणा गांव, काशी विश्वनाथ मंदिर सहित पंच प्रयाग विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग के दर्शन कराए जाएंगे। हरिद्वार पहुंचकर श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ यात्रा की शुरुआत करेंगे। समिति द्वारा यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें हरिद्वार तक आने-जाने की ट्रेन टिकट, हरिद्वार से 27 सीटर बस, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था, छग कुक टीम द्वारा भोजन, ट्रेन में लंच, अनुभवी गाइड एवं मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं। साथ ही घोड़ा, खच्चर एवं पालकी के लिए मार्गदर्शन तथा चार धाम यात्रा के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की जा रही है।

# डीडीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीडीएम पब्लिक स्कूल ने सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत 19 अप्रैल को स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन स्कूल के मार्गदर्शन में शिवशक्ति आदिशक्ति जन कल्याण सोसायटी और जीवनधारा ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया था।

शिविर में उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों ने दान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सभी प्रतिभागियों को अच्छी तरह से जानकारी हो और वे सहज हों, विशेषकर पहली बार दान करने वालों को। पूरी दान प्रक्रिया सख्त चिकित्सकीय देखरेख में की गई। पात्रता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक दाता की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच की गई। सभी दाताओं की भलाई सुनिश्चित करने के लिए पूरे शिविर में उचित स्वच्छता, नसबंदी और सुरक्षा उपाय बनाए रखे गए थे। शिविर में स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और स्थानीय निवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के दौरान सराहनीय संख्या में रक्त यूनिट एकत्र की गईं। सराहना के प्रतीक के रूप में, सभी दानदाताओं को उनके महान योगदान को स्वीकार करते हुए जलपान और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मानवता और सेवा की भावना को दर्शाते हुए रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल ने न केवल स्कूल और समुदाय के बीच बंधन को मजबूत किया बल्कि स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता भी पैदा की।



रक्तदान करती युवती।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



जन्म
10 दिस.1969

निर्वाण
22 अप्रैल 2015

परम पूज्य पिताजी
स्व. केशरी कुमार शराफ जी
की 11वीं पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन...

श्रद्धावनत
रामकुमार सोनी, देवी शराफ, लक्ष्मीकांत, शत्रुहन, शरदकांत, सचिन, सुमित, साकेत, नीतीश, अभय, आशीष, शुभम शराफ

शुभेच्छु
लक्ष्मी ज्वेलर्स
न्यू बुक डिपो के सामने, कटघोरा रोड, दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)
मो. 8770410719, 9977820764

KESHARI TVS
Near ICICI Bank, Katghora Road, Dipka
Mo. 89823 64970, 9977820764

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर मानव सेवा मिशन ने मटका का किया वितरण

**बालको।** समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने प्रशांति वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गजनों का हालचाल जाना। इस दौरान बुजुर्गों को दैनिक उपयोग हेतु राशन सामग्री, सूखा नाश्ता एवं तरबूज प्रदान किए गए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था हेतु चार मटके भी भेंट किए गए। मानव सेवा मिशन के सदस्यों को अपने बीच पाकर बुजुर्गों ने हर्ष व्यक्त किया। संस्था द्वारा इस महीने अपने छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं पूर्व में वनवासी कन्या छात्रावास में निवासरत बच्चियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर न्यौता भोज भी कराया गया था। इसके अतिरिक्त बेजुबान पशुओं एवं पक्षियों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए पानी पात्र वितरित किए जा रहे हैं, जो जीवों के प्रति दया और संवेदना का परिचायक है।

### ग्राम प्रमुख व ग्रामीणों ने की गांव की खुशहाली के लिए अक्ति पूजा



**हरदीबाजार।** पुरानी बस्ती हरदीबाजार में अक्ति त्यौहार के शुभ मुहूर्त पर हरदीबाजार के देव स्थल ठाकुर दीया में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली, समृद्धि की कामना के साथ प्रार्थना की गई। अक्षय तृतीया व शिवजी का वार सोमवार पर भगवान भोलेनाथ पर मिट्टी का मटका चढ़ा कर हवन पूजन कर फल फूल, दुध दही चढ़ा कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिव जी की आरती गायन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर संयोजक राजाराम राठौर, आदित्य राठौर, यशू राठौर, शिवम्‍ राठौर, कान्हा, प्रिंस, बेबी दद्दू, गौंटिया मदन मोहन (बेचू) कंवर, प्रह्लाद बैंगा, रामायण यादव, राजू जयसवाल, आशीष यादव, रामेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, गंगा यादव, कपिल कंवर, पुरुषोत्तम केंवट, खीक यादव,गनपत केंवट, सुरेन्द्र राठौर,मुरित यादव, गुलशन यादव, बंशी यादव, शीतराम यादव, मनोहर महराज, टेकाम कंवर समस्त ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

### गुणवत्ताहीन केबल व बॉक्स से बिजली हो रही बाधित, ग्रामीण परेशान



**चैतमा।** बिजली विभाग द्वारा गांव गांव में केबल बिछाया गया है एवं उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान करने के लिए बॉक्स भी लगाया जा गया है जो की इतना गुणवत्ताहीन है जिसके कारण आए दिन आग लगने की घटनाएं घट रही है और घंटों बिजली बंद हो रही है। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले चैतमा क्षेत्र के कई गांव में बिजली विभाग द्वारा केबल बिछाया गया है एवं बॉक्स लगाया गया है जो स्तरहीन होने के कारण उसमें आए दिन आग लगने की घटनाएं घट रही है। चैतमा सब स्टेशन से 70 से 80 गांव को बिजली सप्लाई होती है किंतु इसे देख-रेख के लिए विभाग द्वारा कहने को तो यहां पर चार लाइनमेन एक संविदा कर्मचारी तथा तीन ठेकेदार के तरफ से बिजली की देखरेख के लिए रखे गए हैं उसमें भी एक कर्मचारी पिछले एक साल से बिना काम का वेतन ले रहा है। दूसरा लाइनमेन महीनों से गायब है बावजूद विभाग द्वारा उसे वेतन दिया जा रहा है जो समझ से परे है। यहां अब तक कनिष्ठ यंत्री की पदस्थापना नहीं हुई है। इस संबंध में सहायक यंत्री नारायण प्रसाद सोनी से पूछने पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था।

### गाड़ियों से हटाई ब्लैक फिल्म किया गया जुर्माना

**कोरबा।** शहर में सडक सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर सघन जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ऐसे वाहनों को रोका गया जिनके शीशों पर नियमों के विरुद्ध काली फिल्म (ब्लैक फिल्म) लगी हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि कई वाहन चालक बिना किसी वैध अनुमति के अपने वाहनों में मनमाने तरीके से ब्लैक फिल्म का उपयोग कर रहे थे, जो न केवल मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी जोखिमपूर्ण माना जाता है। ऐसे वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ वाहन चालकों ने अपने बचाव में विभिन्न तर्क प्रस्तुत किए।

# ट्रेफिक सिंग्नल में प्रतीक्षा करने वालों को अब तेज धूप व बारिश में नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सभी सड़कों के डामरीकरण, नवीनीकरण हेतु शासन द्वारा राशि स्वीकृत किये जाने के बाद निविदा आदि की कार्यवाही पूरी कर ली गई है, 2 प्रमुख सड़कों के डामरीकरण का भूमिपूजन भी किया जा चुका है, किन्तु ईरान, इजरायल युद्ध के परिणाम स्वरूप डामर मिलने में अत्यंत कठिनाई हो रही है, ठेकेदारों को डामर नहीं मिल पा रहा है, इसके कारण डामरीकरण कार्य में देरी हो रही है, उन्होंने कहा कि जैसे ही डामर की उपलब्धता बनेगी, तेजी के साथ शहर की सड़कों का कायाकल्प कर दिया जाएगा।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसईबी चौक में 32 लाख 30 हजार रूपये की लागत से बनने जा रहे 2 प्रतीक्षा शेड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन के दौरान कही। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत भी उपस्थित रहीं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में आवागमन व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के मद्देनजर ट्रेफिक सिग्नल स्थापित किये गये हैं, इन चौक-चौराहों से गुजरने वाले नागरिकों, वाहन चालकों को ट्रेफिक लाल होने के समय रूक कर प्रतीक्षा करनी होती है, जिससे विशेष रूप से तेज धूप व बारिश के दौरान उन्हें परेशानी होती है, नागरिकों, वाहन चालकों को इस परेशानी से छुटकारा दिलाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में सड़क के ऊपर प्रतीक्षा शेड बनाये जाने की योजना बनाई गई है, प्रारंभ में सीएसईबी चौक में 2 नग प्रतीक्षा शेड बनाये जाएंगे। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि सिग्नल के दौरान चौक-चौराहों में रूकने के दौरान तेज धूप व बारिश से आमलोगों को होने वाली परेशानी से कैसे छुटकारा दिलाया जाए, तब चौक-चौराहों में प्रतीक्षा शेड निर्माण की योजना बनी, जिसके प्रथम चरण में सीएसईबी चौक में 32 लाख 30 हजार रूपये की लागत से 2 प्रतीक्षा शेड बनेंगे, इसके बाद दूसरे प्रमुख चौक-चौराहों पर भी शेडों का निर्माण होगा, उन्होने बताया कि सीएसईबी चौक में आमनागरिकों की सुविधा हेतु सर्वसुविधायुक्त शौचालय भी बनाया जा रहा है, वहीं चौक में स्थित पुराने जर्जर प्रतीक्षालय के स्थान पर सर्वसुविधायुक्त आधुनिक व वातानुकूलित प्रतीक्षालय का निर्माण भी कराया जायेगा।

## चौक चौराहों में बनेगा प्रतीक्षा शेड

**खास बात**

- उद्योग मंत्री व महापौर ने सीएसईबी चौक में 32 लाख से बनने वाले शेड कार्य का किया भूमिपूजन



### सतनामी समाज व किन्नर समाज को मिलेंगे भवन

उद्योग मंत्री एवं महापौर द्वारा सुभाष ब्लाक जैतखंभ के पास सतनामी समाज के लिये 15 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहे सामुदायिक भवन एवं हेलीपेड के पास किन्नर समाज के लिये 10 लाख रूपये से बनने जा रहे भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा में 52 समाजों के लिये उनके अपने भवन निर्मित कराये गये हैं तथा आज लगभग सभी समाजों के लिये उनके अपने भवन उपलब्ध हैं।

## मई से कोरबा, कटघोरा मंडल में शुरू किया जाना है तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य

# मौसम का लगातार बदल रहा तेवर तेंदूपत्ता ठेकेदारों को सताने लगी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मई के पहले सप्ताह से जंगलों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाना है। इन दिनों ठेकेदारों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी की जा रही है लेकिन वहीं और दूसरी ओर मौसम के बार-बार बदलते तेवर की वजह से अब तेंदूपत्ता ठेकेदारों को इसकी चिंता सताने लगी है। यदि आने वाले दिनों में मौसम कुछ इसी तरह का बना रहा तो निश्चित तौर पर पत्तों को भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में विभाग को लक्ष्य पूरा करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा मंडल के तेंदूपत्ता की ऑनलाइन नीलामी में देश के विभिन्न राज्यों के ठेकेदारों ने हिस्सा लिया था और मांग के अनुसार खरीदी की थी। अब जंगलों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए धीरे-धीरे ठेकेदार पहुंचने लगे हैं। अप्रैल के इस महीने में लगातार मौसम के तेवर बिगड़ रहे हैं और बारिश का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। ऐसे में ठेकेदारों व वन विभाग को तेंदूपत्ता के क्वालिटी खराब होने की चिंता सताने लगी है। यदि आने वाले दोनों में मौसम इसी तरह बदलता रहा और आंधी तूफान के साथ बारिश हुई तो निश्चित तौर पर भारी नुकसान हो सकता है। उन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एक या दो दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाना है यदि अप्रैल के अंतिम दिनों में मौसम कुछ इसी तरह बना रहा तो तेंदू पत्ता की क्वालिटी खराब हो सकती है और लक्ष्य को पूरा करना मुश्किल भी हो सकता है। अब तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य मौसम पर ही टिका हुआ है हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया जा रहा है। यदि मौसम साफ रहा तो निश्चित तौर पर जल्द से जल्द तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा और संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।




### कटघोरा में 76 हजार 300 मानक बोरा तो कोरबा में 53 हजार 300 मानक बोरा किया जाएगा संग्रहरण

जिले के कोरबा और कटघोरा मंडल में हर वर्ष बड़े पैमाने पर तेंदू पत्तों का संग्रहण किया जाता है। इस बार कटघोरा वन मंडल को 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है जब कोरबा वन मंडल को 53 हजार 300 मानक बोरा तेंदु पत्ता संग्रहण किया जाना है। दोनों ही वन मंडल में बड़े पैमाने पर छग के ठेकेदारों ने तेंदूपत्ता की खरीदी की है। इस बार छग के ही ठेकेदारों ने सबसे ज्यादा खरीदी कर कोरबा और कटघोरा वन मंडल के हरे पत्तों को अपने पास ही रखा है। यदि मौसम ने साथ दिया तो लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया जाएगा। यदि अप्रैल के अंतिम दोनों में बारिश शुरू हुई तो निश्चित तौर पर संग्रहण प्रभावित हो सकता है।

# ढुरेना में 44 लाख रुपए से तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, हुआ भूमिपूजन




भूमिपूजन करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत ढुरेना में सीएसआर मद से लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। यह परियोजना न केवल ग्राम के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती सुभद्रा कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। तालाब का सौंदर्यीकरण पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र ग्रामीणों के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, साथ ही जल स्तर को बनाए रखने और आसपास के पर्यावरण को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कार्य ग्राम के समग्र विकास और स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# निर्माणाधीन तीसरी मंजिल की दीवार गिरी पड़ोसी के घर, सो रहे पति, पत्नी और बच्चे दब गए मलबे में





घर में गिरा मलबा व उसमें दबे परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात तकरीबन 8.30 बजे से 9 बजे के मध्य तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई, जिसमें निर्माणाधीन दो मंजिल मकान के ऊपर की दीवार पड़ोस के मकान के ऊपर गिर गई। जिससे मकान का छप्पर टूट गया और सैकड़ों ईंट एक साथ मकान ने अंदर तेजी से गिर गए। मकान अंदर मौजूद पति, पत्नी और बच्चे सो रहे थे, ईंट में दब गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई, जिसके बाद पड़ोसियों ने दौड़ कर सभी को ईंट के मलबे से बाहर निकाला, तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर कपाटमुडा रोड निवासी संतोष वर्मा मकान निर्माण करा रहा था। मकान के तीसरी मंजिल में बना दीवार भरभरा कर बगल के अजय धनवार के घर के ऊपर जा गिरी। जिससे घर का छप्पर टूट गया और पूरा ईंट मलबा घर के अंदर सो रहे अजय धनवार, उसकी पत्नी और एक बच्चे के ऊपर गिर पड़ा। जिन्हें मोहल्लेवासियों की मदद से जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मकान अंदर रखे दोपहिया स्कूटी वाहन, बर्तन, बिस्तर इत्यादि अन्य समान भी क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल घर के भीतर ईंट का मलबा जस के तस पड़ा हुआ।

**खास बात**

- मोहल्लेवासियों की मदद से घायलों को अस्पताल में कराय गया दाखिल


# मितान एफसी कुसमुंडा व बालको खेल अकादमी बनी फुटबाल विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व तुलसीराम देवांगन की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता ने जिले में खेल भावना और प्रतिभा को नई ऊर्जा प्रदान की। 13 अप्रैल से प्रारंभ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। इस अवसर पर महापौर संजू देवी सिंह राजपूत, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। आयोजक तुलसी शिक्षा एवं सेवा समिति के अध्यक्ष अंकित यादव के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कोरबा सहित प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मितान एफसी कुसमुंडा और एसीबी दीपिका के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः पेनल्टी शूटआउट में मितान एफसी कुसमुंडा ने एसीबी दीपिका को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में बालको खेल अकादमी और अल्फा 11 एफसी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें बालको खेल अकादमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।



विजेता खिलाड़ी।



## महिला आरक्षण बिल पर पूर्व मंत्री की पत्रकारवार्ता

# अधूरा कानून देश और महिलाओं दोनों के साथ अन्याय : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के विरोध में नहीं है बल्कि इसके अधूरे और भ्रामक स्वरूप के खिलाफ है। श्री अग्रवाल ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ छल किया जा रहा है। उनका आरोप है कि यह विधेयक समग्र और संतुलित नहीं है, बल्कि राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

उन्होंने सबसे बड़ी आपत्ति यह जताई कि बिल में ओबीसी और वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं है। इससे पिछड़े वर्ग की महिलाओं को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाएगा, जो सामाजिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि इस कानून को जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसकी सबसे बड़ी खामी है। इससे इसके लागू होने में कई वर्षों की देरी हो सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार की मंशा साफ है तो इसे तत्काल लागू करने की स्पष्ट समयसीमा क्यों नहीं तय की गई। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर यह कदम वास्तव में राजनीतिक छवि सुधारने और वोट बैंक साधने की रणनीति ज्यादा लगता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह विधेयक वर्तमान स्वरूप में लागू होता है तो समाज में असंतुलन बढ़ सकता है और वंचित वर्ग की महिलाएं प्रतिनिधित्व से बाहर रह सकती हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिद्धांत रूप में महिला आरक्षण का समर्थन करती है और इसे मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक मानती है। लेकिन उन्होंने मांग रखी कि ओबीसी एवं वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए अलग प्रावधान जोड़ा जाए, कानून को तत्काल लागू करने की स्पष्ट समयसीमा तय की जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित कानून को वर्ष 2024 से लागू करने के संकेत यह दर्शाते हैं कि सरकार की प्राथमिकता तत्काल क्रियान्वयन नहीं है।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।